निबंधन संख्या पी0टी0-40

# बिहार गजट
## असाधारण अंक
## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

19 माघ 1945 (श0)
(सं0 पटना 109) पटना, बृहस्पतिवार, 8 फरवरी 2024

सामान्य प्रशासन विभाग

आदेश
7 फरवरी 2024

सं० 3/एम0–22/2023 सा0प्र0/2304—राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में सेवानिवृत्त एवं भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवकों की सेवायें संविदा के आधार पर लिए जाने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 द्वारा प्रक्रिया निर्धारित है। उक्त संकल्प के साथ संलग्न अनुसूची में सम्मिलित पदों पर ही संकल्प के प्रावधानों के तहत सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का संविदा के आधार पर नियोजन किया जा सकता है।

2. संकल्प की कंडिका–3(1) के प्रावधान के तहत शिक्षा विभाग एवं श्रम संसाधन विभाग से प्राप्त प्रस्तावों पर सम्यक् विचारोपरांत निम्नांकित पद को उपर्युक्त संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक 10.07.2015 की अनुसूची में सम्मिलित किया जाता है–

| क्र0सं0 | विभाग का नाम | संकल्प संख्या–10000 दिनांक–10.07.15 अनुसूची में सम्मिलित किये जाने वाले प्रस्तावित पद |
|---|---|---|
| 1. | शिक्षा विभाग | क्षेत्रीय कार्यालय के–<br>(i) लिपिक। |
| 2. | श्रम संसाधन विभाग | श्रम सांख्यिकी संवर्ग के–<br>(i) सांख्यिकी संगणक। |

3. उपरोक्त पदों पर सेवानिवृत्त सरकारी सेवक के संविदा नियोजन हेतु संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 में निहित शर्त्त एवं प्रक्रिया लागू रहेंगी एवं इन पदों पर सेवा लेने के संबंध में प्रशासी विभाग द्वारा ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आदेश से,
गुफरान अहमद,
सरकार के संयुक्त सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 109-571+10-डी0टी0पी0
Website: http://egazette.bih.nic.in